**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 02.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– केन्द्र सरकार ने लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया–अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से लेना–देना नहीं, यह केवल वक्फ संपत्तियों से संबंधित है।

2– माओवादियों के संघर्ष विराम और शांति वार्ता के कथित प्रस्ताव के जवाब में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से बातचीत के दरवाजे खुले हैं, लेकिन हिंसा और खून–खराबे पर कोई समझौता नहीं होगा।

3– बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए स्पाइक होल की चपेट में आने से सुरक्षा बल के दो जवान घायल।

4– मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के दौरान मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना जताई है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>वक्फ संशोधन विधेयक</u>**

संयुक्त संसदीय समिति द्वारा रिपोर्ट किया वक्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह विधेयक केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है।

**गवर्मेंट किसी भी धार्मिक व्यवस्था को, किसी भी रिलीजियस इंस्टीट्यूशन कोई धार्मिक काम में हस्तक्षेप करने नहीं जा रही है, ना ही वक्फ बोर्ड किसी धार्मिक स्थापित व्यवस्था में कोई भी तरीके से हाथ डालने का प्रावधान है। बिलकुल नहीं है, ये वक्फ बोर्ड का जो प्रावधान किसी मस्जिद, किसी मंदिर, किसी धार्मिक स्थल का व्यवस्था का कोई लेना–देना नहीं है। ये सिंपली एक प्रॉपटी का मैनेजमेंट का व्यवस्था है।**

श्री रिजिजू ने कहा कि यह कानून मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार, वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों, महिलाओं और गैर–मुस्लिमों तथा अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा।

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद लाया गया है और इसे मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।

**भारत सरकार की कैबिनेट में इस बारे में एक बिल अप्रूव कर कर सदन के सामने रखा। आपके द्वारा ये बिल ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को दिया जिसका विपक्ष का भी बड़ा आग्रह। कमेटी ने इस पर सुविचारित रूप से अपना मत प्रकट किया। वो जो मत प्रकट हुआ वो मत फिर से कैबिनेट के सामने गया। कमेटी के जो सुझाव थे वो भारत सरकार की कैबिनेट ने स्वीकार किए।**

**<u>वक्फ संशोधन विधेयक–प्रतिक्रिया</u>**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वक्फ संशोधन बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस बिल के माध्यम से वक्फ संपत्तियों को भी कानून के दायरे में लाया गया है, जो पहले किसी भी न्यायिक समीक्षा से परे था। श्री शर्मा ने कहा कि इससे देश की न्यायिक प्रणाली को मजबूती मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देशभर में वक्फ संपत्तियों पर हुए अनाधिकृत कब्जों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने आज राजधानी रायपुर के नगर घड़ी चौक पर वक्फ संशोधन बिल का स्वागत करते हुए आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। मोर्चे ने इसे गरीब मुस्लिमों के हित में उठाया गया ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बताया।

**<u>माओवादी–शांति वार्ता पत्र</u>**

माओवादियों ने एक कथित पत्र के जरिये संघर्ष विराम और शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार सीपीआई (माओवादी) केंद्रीय समिति ने यह पत्र तेलंगाना से जारी किया है और यह तेलगु में है। इसमें केन्द्र सरकार से ऑपरेशन 'कगार' को रोकने का आग्रह किया गया है।

इस पत्र के जवाब में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ सरकार किसी भी प्रकार की सार्थक वार्ता के लिए तैयार है, बशर्ते कि इसके लिए कोई शर्त न हो। उन्होंने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यदि नक्सली वास्तव में मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं और बातचीत के लिए इच्छुक हैं, तो उन्हें अपने प्रतिनिधि और वार्ता की शर्तों को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अगर नक्सली संविधान को नकारते हैं और समानांतर व्यवस्था थोपने की कोशिश करते हैं, तो वार्ता का कोई औचित्य नहीं रहता है। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का रूख साफ है और बातचीत के दरवाजे खुले हैं, लेकिन हिंसा और खून–खराबे पर कोई समझौता नहीं होगा। श्री शर्मा ने कहा कि माओवादियों को हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण करना चाहिए, तभी कोई सार्थक समाधान संभव है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा–भेंटवार्ता

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और नक्सली हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की नई पुनर्वास नीति के विभिन्न पहलुओं पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर द्वारा कल तीन अप्रैल गुरूवार को सुबह नौ बजे से किया जाएगा। राज्य स्तरीय इस प्रसारण को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे। यह कार्यक्रम मीडियम वेव और एफ.एम. दोनों चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा।

## जवान–घायल

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए स्पाइक होल की चपेट में आने से सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए हैं। इनमें से स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ का एक आरक्षक संत कुमार कोमरे है और दूसरा बस्तर फाइटर्स का जवान महेश गटपल्ली है। घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। घटना के बाद इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## टोल शुल्क–दर

देशभर में टोल शुल्क की दरें तत्काल प्रभाव से चार से पांच प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार, इससे राजमार्गों के रखरखाव और उनके विस्तार में मदद मिलेगी। कारों के लिए मासिक पास की दर नौ सौ तीस रुपये से बढ़ाकर नौ सौ पचास रुपये कर दी गई है। संशोधित दरें देशभर में एक्सप्रेस–वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू होंगी।

## रा.स.–एकलव्य मॉडल स्कूल

केंद्र सरकार ने देशभर में सात सौ अट्ठाईस एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने का लक्ष्य रखा है, जिससे अनुसूचित जनजाति के करीब साढे तीन लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। अब तक देशभर में कुल सात सौ इक्कीस विद्यालय मंजूर किए गए हैं। इनमें से चार सौ सतहत्तर विद्यालय संचालित हैं। जनजातीय मामलों के राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने राज्यसभा में कहा कि जनजातीय बच्चों को उनके अपने परिवेश में पढ़ाने के लिए वर्ष दो हजार अट्ठारह–उन्नीस में केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की शुरूआत की गई थी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकार ने पचास प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी वाले और कम से कम बीस हजार जनजातीय व्यक्तियों वाले हर ब्लॉक में एक, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है।

## माओवाद प्रभावित क्षेत्र–निर्माण समिति

राज्य सरकार ने माओवाद प्रभावित सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए "जिला निर्माण समिति" के गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह समिति निर्माण कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन करेगी। इसके अध्यक्ष जिला कलेक्टर होंगे। वहीं, जिले के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के सीईओ, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी और संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पैसे से चलने वाले कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## राज्यपाल–बालोद

राज्यपाल रमेन डेका अपने बालोद जिले के प्रवास के अंतिम दिन आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा पहुंचे और उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत नवनिर्मित आवासों का अवलोकन किया। इस दौरान राज्यपाल ने हितग्राहियों से मुलाकात कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। राज्यपाल ने हितग्राहियों को उपहार भेंट कर नये आवास मिलने पर हार्दिक बधाई दी।

**कवासी लखमा–रिमांड**

शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार पूर्व मंत्री कवासी लखमा को आज आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने भी गिरफ्तार किया और उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया। न्यायालय ने श्री लखमा को सात अप्रैल तक के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर दे दिया है।

गौरतलब है कि ईडी ने पंद्रह जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था।

**देवेन्द्र यादव–आरोप तय**

बलौदाबाजार आगजनी हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित छह अन्य लोगों पर आरोप तय हो गया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा के न्यायालय में आज छह आरोपियों पर सभी धाराओं पर आरोप तय कर दिए गए हैं।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष दस जून को बालौदाबाजार आगजनी हिंसा मामले में पुलिस ने विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। छह महीने रायपुर जेल में रहने के बाद विधायक देवेंद्र यादव सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर जेल से रिहा हुए थे।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के दौरान मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार पांच अप्रैल को बस्तर संभाग और उसके आसपास बारिश हो सकती है।

**मालगाड़ी–डिब्बे**

आज दोपहर रायपुर के पास उरकुरा रेललाइन पर मालगाड़ी के दो खाली डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना के कारण अपलाइन पर गाड़ियों का आवागमन थोड़े समय के लिए प्रभावित हुआ। करीब एक घंटे बाद मिडिल लाइन से गाड़ियों का परिचालन शुरू कर दिया गया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

– कल तीन अप्रैल को छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है।

– मोहला–मानपुर जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम कट्टापार–दुलकी में आईटीबीपी ने सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों और किसानों को बीज तथा अन्य सामग्री वितरित की। साथ ही उन्हें नशामुक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

– चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज जगदलपुर में महिलाओं ने शांति नगर स्थित मां दुर्गा मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली। इसमें करीब ढाई हजार महिलाएं शामिल हुईं। करीब एक किलोमीटर लंबी चुनरी को लेकर ये महिलाएं मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंची।

– दंतेवाड़ा जिले के गीदम में नये शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य के लिए करीब तीन सौ करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>